**बिहार सरकार**
**ग्रामीण कार्य विभाग**
**कार्यालय आदेश**

का0आ0सं0 :– 3/अ०प्र०–1–82/2025 408 /पटना, दिनांक :– 23-7-25

मो० जलालुद्दीन, तदेन जीप चालक, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, मुजफ्फरपुर पूर्वी–01, सम्प्रति सेवानिवृत के दिनांक 12.05.2022 से 03.05.2023 तक बिना किसी सूचना के कार्यालय से अनुपस्थित रहने/जेल में बितायी गई अवधि को बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 2005 के नियम–9(2)(क) में संसूचित प्रावधानों के आलोक में निलंबित/अग्रेत्तर कार्रवाई करने हेतु श्री प्रभाष चंद्र सिंह 'प्रबल', सरकार के अवर सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना के द्वारा पीत पत्र के माध्यम से संबंधित कागजात/अभिलेख की छायाप्रति निगरानी प्रशाखा को उपलब्ध कराया गया।

2. उक्त कागजात/अभिलेख के अवलोकन से ज्ञात हुआ कि मो० जलालुद्दीन जीप चालक दिनांक 12.05.2022 से दिनांक 03.05.2023 तक बिना किसी सूचना के कार्यालय से अनुपस्थित रहने के पश्चात दिनांक 04.05.2023 को कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल मुजफ्फरपुर पूर्वी–1 के कार्यालय में योगदान समर्पित किये। इस संबंध में मो० जलालुद्दीन से स्पष्टीकरण पूछा गया। जिसके जवाब में इन्होंने यह स्पष्ट किया कि दिनांक 11.06.2022 को इस कार्यालय से भविष्य निधि कार्यालय जाने के क्रम में बरूराज थाना केस संख्या 150/2021 के अंतर्गत इन्हें गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। माननीय न्यायिक पदाधिकारी प्रथम श्रेणी मुजफ्फरपुर पश्चिम द्वारा दिनांक 03.05.2023 को जमानत दिये जाने के पश्चात ये दिनांक 04.05.2023 को कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल मुजफ्फरपुर पूर्वी–1 में योगदान समर्पित किये। उक्त तथ्यों की स्वीकारोक्ति मो० जलालुद्दीन, तदेन जीप चालक द्वारा की गई है। संलग्न कागजातों के अवलोकन से यह भी ज्ञात हुआ कि बरूराज थाना केस संख्या 150/2021 में दोनों पक्षों क द्वारा माननीय न्यायालय में Compromise Petition दायर किया गया है, किन्तु माननीय न्यायिक दंडाधिकारी के द्वारा दिए गए जमानत से संबंधित अभिलेख अप्राप्त है।

मो० जलालुद्दीन दिनांक 31.05.2023 को सेवानिवृत्त हो गए हैं।

3. मो० जलालुद्दीन, तदेन जीप चालक, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, मुजफ्फरपुर पूर्वी–01, सम्प्रति सेवानिवृत अपने सेवाकाल में दिनांक 12.05.2022 से दिनांक 03.05.2023 तक न्यायिक हिरासत में रहे हैं और दिनांक 31.05.2023 को सेवानिवृत्त हो गए हैं। अतएव उक्त हिरासत अवधि के कारण मो० जलालुद्दीन, तदेन जीप चालक, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, मुजफ्फरपुर पूर्वी–01, सम्प्रति सेवानिवृत के संदर्भ में बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 2005 के सुसंगत प्रावधानों के तहत निम्नलिखित कार्रवाई की जाती है:–

(i) बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 2005 के नियम–9(2)(क) के तहत मो० जलालुद्दीन, तदेन जीप चालक, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, मुजफ्फरपुर पूर्वी–01, सम्प्रति सेवानिवृत को उनके कारावास में जाने की तिथि 12.05.2022 के भूतलक्षी प्रभाव से निलंबित किया जाता है।

(ii) जमानत पर कारावास से रिहा होने के उपरांत कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल मुजफ्फरपुर पूर्वी—1 में मो० जलालुद्दीन, तदेन जीप चालक, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, मुजफ्फरपुर पूर्वी—01, सम्प्रति सेवानिवृत के द्वारा दिनांक 04.05.2023 को दिए गए योगदान के फलस्वरूप भूतलक्षी प्रभाव से उक्त तिथि को उनका योगदान स्वीकृत कर निलंबन से मुक्त किया जाता है।

(iii) कारावास अवधि दिनांक 12.05.2022 से 03.05.2023 के दौरान मो० जलालुद्दीन, तदेन जीप चालक, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, मुजफ्फरपुर पूर्वी—01, सम्प्रति सेवानिवृत को मात्र जीवन निर्वाह भत्ता का भुगतान देय होगा तथा उक्त अवधि की गणना नियमानुकूल मिलने वाले पेंशनादि के प्रयोजनार्थ परिगणित की जाएगी।

4. प्रस्ताव पर अपर मुख्य सचिव का अनुमोदन प्राप्त है।

S Kumar 22/7/25
(संजय कुमार)
अवर सचिव

ज्ञापांकः— 3/अ०प्र०—1—82/2025 /पटना/दिनांकः—

**प्रतिलिपिः**— अपर मुख्य सचिव/सचिव के आप्त सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना//मुख्य अभियंता—5, (मुजफ्फरपुर), ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना/अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अंचल, मुजफ्फरपुर/अवर सचिव, प्रशाखा—14, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना/कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, मुजफ्फरपुर पूर्वी—1/प्रशाखा पदाधिकारी—14/प्रशाखा पदाधिकारी—12, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना/मो० जलालुद्दीन, तदेन जीप चालक, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, मुजफ्फरपुर पूर्वी—01, सम्प्रति सेवानिवृत **पत्राचार का पताः**—पिता—मो0 न्यामत अली, ग्राम—भगवानपुर, पो0+थाना—बरूराज, जिला—मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

S Kumar 22/7/25
अवर सचिव

ज्ञापांक :— 3/अ०प्र०—1—82/2025 8008 /पटना/दिनांकः— 23.7.25

**प्रतिलिपि** :— आई०टी० मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना को विभागीय बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

S Kumar 22/7/25
अवर सचिव